**विधि शिक्षा में मानवीय मूल्यों का बड़ा योगदान है: प्रो. सिन्हा**

**विधि विद्यापीठ में हुआ अभिविन्यास कार्यक्रम**

वर्धा, 16 अक्टूबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन 15-16 अक्टूबर को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्म शास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा विधि की शिक्षा को हिंदी में दिया जा रहा है यह हम सबके लिए गौरव की बात है। भाषा को लेकर हमें परेशान होने की जरुरत नहीं है बल्कि कानून का ज्ञान होना आवश्यक है । न्याय किस तरीके से गरीब के दरवाजे तक पहुंचे ये सबसे जरुरी है। कानून की शिक्षा प्राप्त करके हम समाज सुधार का एक उत्कृष्ट माध्यम बन सकते हैं। विधि की शिक्षा में मानवीय मूल्यों का अहम योगदान है क्योंकि यही मानवीय मूल्य हमारे पेशे को सफल बनाते हैं।



विशिष्ट अतिथि विवि के वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमें समाज का एक निपुण व्यक्ति बनाती है। शिक्षा से ही सामाजिक समानता और न्याय को आगे बढ़ाया जा सकता है। शिक्षा से ही व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक विकास होता है और व्यक्ति में नागरिक सहभागिता और वैश्विक मुद्दों के प्रति जागरूकता आती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी ने कहा कि अभिविन्यास कार्यक्रम एक छात्र प्रेरण कार्यक्रम है जो नवागंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माहौल में समायोजित करने में मदद करता है। इसके जरिए विद्यार्थी विभाग की संस्कृति और लोकाचार से अवगत होता है और वह व्यापक उद्देश्य और स्वयं की खोज भावना से परिचित होता है।हमारा प्रयास है कि विधिक शिक्षा एक न्यायपूर्ण शिक्षा हो, जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तन का साधन बने। हमारे छात्र न केवल देश के सामाजिक और

विकासात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन हेतु अग्रसर होंगे। भारत के संविधान को बनाए रखने के लिए भी सुसज्जित होंगे।

द्वितीय सत्र में छात्रावास में अनुशासन व्यवस्था एवं नियमावली के विषय पर मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, उप कुलानुशासक डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने एवं परीक्षा से संबंधित जानकारी परीक्षा विभाग के मनोजकुमार ने दी। तृतीय सत्र में विशिष्ट वक्ता चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना के प्रो. एस. सी. रॉय, ने बताया कि व्यक्ति की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून का ज्ञान होना अति आवश्यक है। आज प्रत्येक विभाग को अधिवक्ता की आवश्यकता है इसलिए आप जिन विषयों का अध्ययन कर रहे हैं उनका व्यावहारिक ज्ञान भी होना अति महत्वपूर्ण है। सत्र में लेबोरेटरी ऑफ इन्फोर्मेशन इन लिबरल आर्ट पर लीला प्रभारी डॉ. अंजनी राय तथा सूचना सुरक्षा पर मुख्य सूचना संरक्षण अधिकारी डॉ. गिरीश चन्द्र पाण्डेय ने संबोधित किया। साथ ही छात्रों को सरस्वती संग्रहालय, महापंडित राहुल संकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय और गांधी हिल्स का भ्रमण भी कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मंगलाचरण पाठ डॉ. वागीश राज शुक्ल ने किया एवं स्वागत वक्तव्य विधि विभाग के शिक्षक डॉ. युवराज खरे ने किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. युवराज खरे ने किया तथा डॉ. दिव्या शुक्ला ने आभार माना। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों के सहित डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार सिंह, श्री आनंद भारती, सुश्री ऋचा कुशवाहा, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. मनोज तिवारी, अमोल आड़े, विक्की लांडे, सौरभ पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




-----------------------------------------

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**जनसंपर्क कार्यालय**
**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

**मराठी :**

## कायदा शिक्षणात मानवी मूल्यांचे मोठे योगदान : प्रो. सिन्हा

### विधी विद्यापीठात आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम

वर्धा, 16 ऑक्टोबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाच्या विधी विभागातर्फे 15-16 ऑक्टोबर रोजी नव्याने प्रवेश घेतलेल्या विद्यार्थ्यांसाठी अभिविन्यास कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले. यावेळी प्रमुख पाहुणे म्हणून धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधी विद्यापीठ, जबलपूरचे कुलगुरू प्रो. मनोज कुमार सिन्हा म्हणाले की हिंदी विद्यापीठातर्फे कायद्याचे शिक्षण हिंदीतून दिले जात आहे ही सर्वांसाठी अभिमानाची बाब आहे. भाषेची काळजी करण्याची गरज नाही तर कायद्याचे ज्ञान असणे आवश्यक आहे. गरिबांच्या दारापर्यंत न्याय कसा पोहोचतो हे सर्वात महत्त्वाचे आहे. कायद्याचे शिक्षण घेऊन आपण समाजसुधारणेचे उत्कृष्ट माध्यम बनू शकतो. कायदेशीर शिक्षणात मानवी मूल्यांचे महत्त्वाचे योगदान आहे कारण या मानवी मूल्यांमुळेच आपला व्यवसाय यशस्वी होतो.

विशेष अतिथी म्हणून विविच्या वर्धा समाज कार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे म्हणाले की शिक्षणामुळे आपण समाजाचा कर्तबगार माणूस बनतो. शिक्षणातूनच सामाजिक समता आणि न्यायाची प्रगती होऊ शकते. शिक्षणामुळे व्यक्तिमत्व विकास तसेच सामाजिक आणि आर्थिक विकास होतो आणि व्यक्तीमध्ये जागतिक समस्यांबाबत नागरी सहभाग आणि जागरूकता निर्माण होते.

अध्यक्षीय भाषणात विधी विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी म्हणाले की अभिविन्यास कार्यक्रम हा एक विद्यार्थी प्रेरणा कार्यक्रम आहे जो येणाऱ्या विद्यार्थ्यांना विश्वविद्यालयाच्या वातावरणाशी जुळवून घेण्यास मदत करतो. याद्वारे विद्यार्थ्याला विभागाची संस्कृती आणि आचारसंहितेची जाणीव होते आणि आत्म-शोधाचा व्यापक उद्देश आणि भावना जागृत होते, असा आमचा प्रयत्न आहे की कायदेशीर शिक्षण हे एक न्याय्य शिक्षण असावे, जे सामाजिक, राजकीय आणि माध्यम बनते आर्थिक बदल. आमचे विद्यार्थी केवळ देशाची सामाजिक आणि विकासात्मक उद्दिष्टेच साध्य करणार नाहीत तर सामाजिक बदल घडवून आणतील.

दुसऱ्या सत्रात मुख्य वसतिगृह अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, उप कुलानुशासक डॉ. सूर्य प्रकाश पांडे यांनी शिस्तप्रणाली व परीक्षा विभागाचे मनोज कुमार यांनी परिक्षेसंबंधी माहिती दिली. तिसऱ्या सत्रात विशेष वक्ते म्हणून पटणा येथील चाणक्य राष्ट्रीय विधी विश्वविद्यालयाचे प्रो. एस. सी. रॉय म्हणाले की व्यक्तीचे स्वातंत्र्य आणि मूलभूत हक्कांचे संरक्षण करण्यासाठी कायद्याचे ज्ञान असणे अत्यंत महत्त्वाचे आहे. आज प्रत्येक विभागाला वकिलाची गरज आहे, त्यामुळे तुम्ही शिकत असलेल्या विषयांचे व्यावहारिक ज्ञान असणे अत्यंत आवश्यक आहे. या सत्रात लेबोरेटरी ऑफ इन्फोर्मेशन इन लिबरल आर्ट वर लीला प्रभारी डॉ. अंजनी राय आणि माहिती सुरक्षा वर मुख्य माहिती संरक्षण अधिकारी डॉ. गिरीश चंद्र पांडे यांनी संबोधित केले. दरम्यान विद्यार्थ्यांना सरस्वती संग्रहालय, महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय आणि गांधी हिल्सचे भ्रमण करण्यात आले.

सरस्वतीच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण करून व पाहुण्यांच्या हस्ते दीपप्रज्ज्वलन करून कार्यक्रमाची सुरुवात झाली. प्रास्ताविक डॉ. वागीश राज शुक्ल यांनी केले तर स्वागत भाषण विधी विभागाचे शिक्षक डॉ. युवराज खरे यांनी केले.

कार्यक्रमाचे संचालन डॉ. युवराज खरे यांनी केले तर डॉ. दिव्या शुक्ला यांनी आभार मानले. कार्यक्रमात डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार सिंह, श्री. आनंद भारती, कु. ऋचा कुशवाहा, डॉ. ज्योती कुमारी, डॉ. मनोज तिवारी, अमोल आडे, विक्की लांडे, सौरभ पांडे आदींसह कायद्याचे विद्यार्थी उपस्थित होते.

-----------------------------------------------------

नमस्कार !

मा. संपादक/संवाददाता महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करने का कष्ट करें। सादर धन्यवाद।

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**
**ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**
**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**